# 13 निवेश परियोजनाओं की रियायतों और सुविधाओं को मंजूरी

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत स्थापित 13 मेगा परियोजनाओं को प्रोत्साहन संबंधी सुविधाएं व रियायतें देने का फैसला किया है। इसके अलावा दो परियोजनाओं के विस्तार योजना को स्थगित करने व एक के पुनरीक्षित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**दो निवेश प्रोजेक्ट के विस्तार योजना के दूसरे चरण के काम स्थगित**

प्रदेश में लगभग दर्जन भर निवेशक 4919 करोड़ की विभिन्न मेगा परियोजनाओं में निवेश कर रहे हैं। निवेशकों ने इस पर काम बढ़ाते हुए रियायतें व सुविधाएं देने का प्रस्ताव भेजा था। इसके अलावा पसवारा पेपर्स ने मेरठ की विस्तार योजना में 400 करोड़ रुपये निवेश का फैसला किया था। कंपनी ने कोरोना महामारी का हवाला देते हुए दूसरे चरण का काम स्थगित करने का फैसला किया है। निकिता पेपर्स ने शामली में पूर्व स्थापित पेपर मिल के विस्तारीकरण की 182.20 करोड़ की योजना के तहत दूसरे चरण में कैप्टिव पावर प्लांट की स्थापना न करने का फैसला किया है। इन दोनों ही कंपनियों के प्रस्ताव पर सहमति दे दी गई है। ब्यूरो